श्री विश्वनाथ राय : मुझ कहने दीजिए । इनको पिंच कर रही है यह बात । इसमें 75 हजार रुपया केन्द्रीय सरकार ने दिया है । यह वह एजेन्सी है जिसको उत्तर प्रदेश की सरकार ने एक लाख 25 हजार का कर्जा दिया है । यह वह एजेन्सी है जिसमें 19 लाख रुपए के शेयर राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार और मैसूर प्रदेश सरकारों के हैं । इसमें निजी व्यक्तियों के केवल 24 हजार रुपये के शेयर हैं । लेकिन उसी समाचार भारती की नीति क्या है ? किस प्रकार के समाचार उसमें निकलते हैं ? इस समय उसका जो प्रबन्ध चल रहा है वह कैसा चल रहा है ? वहां पर उन लोगों को निकाला जा रहा है जोकि स्वतंत्र विचारों के रहे हैं जैसे श्री जे० पी० चतुर्वेदी जो इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के प्रेसीडेन्ट रह चुके हैं, जिन्होंने इंडिया के बाहर भी जाकर जर्नलिस्ट्स कांफ्रेन्स में प्रेजाइड किया है । ऐसे व्यक्तियों को वहां से निकाला गया है इसलिए कि उनके विचार स्वतंत्र रहे हैं । वे कांग्रेस की भी टीका टिप्पणी करते रहे हैं । वे 17 वर्ष तक एक दैनिक पत्र "आज" के संवाददाता रह चुके हैं और स्वाधीनता के लिए प्रचार करते रहे हैं और साथ ही साथ कांग्रेस सरकार की भी आलोचना कभी कभी कटु आलोचना करते रहे हैं । तो इस तरह से जहां पर सरकार का पैसा लगता है, केवल 24 हजार रुपया व्यक्तियों के शेयर में हैं और कई लाख रुपया सरकार का लगा है, उस रुपए का सदुपयोग हो इसके लिए यह आवश्यक है कि केन्द्रीय सरकार या प्रदेशीय सरकार के प्रतिनिधि वहां पर रहें, न्यूज एजेन्सी में और यह देखें कि अनुचित तरीके से पैसे का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है या अनुचित तरीके से जो प्रेस के कर्मचारी हैं उनको सताया तो नहीं जा रहा है तथा स्वतंत्र विचार रखने वाले जो संवाददाता या विशेष प्रतिनिधि हैं उनको दबाया तो नहीं जा रहा है, उनको जगह जगह परेशान तो नहीं किया जा रहा है । वे जनसंघ या स्वतंत्र पार्टी के असर में न रह कर स्वतंत्र रहें और अपने विचारों की स्वाधीनता रखते हुए जर्नलिज्म के वास्तविक विचारधारा से प्रचार करें और जनहित के जो काम हैं उसमें पार्टी के सिद्धांतों को न ला कर स्वाधीनता पूर्वक काम करें । वहां पर सरकार को यह बात भी देखने की जरूरत है कि प्रेस कौंसिल में क्या परिवर्तन करने की आवश्यकता है ताकि हमारे देश की जनता ने जो स्वाधीनता का प्रदर्शन किया है जिससे कुछ लोगों को झिझक और परेशानी हो रही है, उस स्वाधीनता का प्रचार इन अखबार एजेन्सीज के द्वारा हो सके । इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं ।

SHRI VASUDEVAN NAIR (Peermade): There is very little time at our disposal and it is a pity that we do not get enough time to deal with a subject as important as this.

THE MINISTER OF INFORMATION AND BRROADCASTING, AND COMMUNICATIONS (SHRI SATYA NARAYAN SINHA): When the comprehensive Bill come you will have enough time.

SHRI VASUDEVAN NAIR: Let us hope that it will come at least in the next session.

SHRI SATYA NARAYAN SINHA: It will.

SHRI VASUDEVAN NAIR: First, I will deal with that aspect of the problem itself. He says that a comprehensive amending Bill is coming in the next session. We hope that that commitment will stand, but it remains a fact that it is almost one year since the report of the Members of Parliament—that advisory committee appointed by Government—

[Shri Vosudevan Nair]

was submitted. But the Government even now thinks it necessary to consider the views of the concerned interests although that committee itself went into the details, invited the witnesses and took evidence and went into all aspects of the matter. I do not know what further consultations the Government would like to have with the representatives of the concerned interests. Whatever that be, we urge upon the Government to take a decision as soon as possible and bring a comprehensive Bill in the next session itself.

Now, whatever be the present nature of the amending Bill that the Government intends to bring before this hon. House, my point is that the Press Council cannot work any miracle by way of improving the standards of journalism in our country, because we all know the way the newspapers are run in this country. We all know who is running the major newspapers and why they are running them, for what purpose they are running them. Although it is held, always claimed that they are the mouth-pieces of the peole of this country, the millions of this country, there is statement which as farther from the truth than this one statement: that so many of the newspapers in this country are the mouthpieces of the millions of this country. I need not go into the kind of representations of the people's will that they are making from day to day. The latest experience we have, especially about the major newspapers owned by the monopoly houses, on this issue of bank nationalisation, is very clear. What happened? It is no surprise at least to some of us on this side of the House that they were engaged in a deliberate distortion of the entire matter. Some of the newspapers which were owned and run by those very bankers, by those very vested interests, had to do it, naturally, although they always claim that they are the mouth-pieces of the millions of people in this country. Some of those people have gone rather mad during these few weeks. They were so upset and they were trying to create a scarce in this country. It is now clear to everyone that they could not at all understand and appreciate what was in the minds of the people of this country. Unfortunately, that is the state of affairs in this land as far as the mass media is concerned. It is inevitable in a society where the means of production are owned by a small group of people, and there is a very clear link-up between the ownership of mass media and the ownership of the means of production. Government has signally failed in helping those journalists and others who are interested in the development of a really free and independent press, so that the will of the people and their opinions may be really given expression to. Government has to think about this seriously. In this country, there is so much talk of freedom of expression and freedom of the press. But what kind of freedom of expression and freedom of the press exists today in this country? I suggest that Government should devise ways and means to make available the necessary finances or genuine journalists and non-journalist employees and others to come together. and from cooperative societies or corporations, so that they can promote their own newspapers. Of courses we do not want Government to have its own subsidised news agencies or newspapers. That is not desirable.

Today we have got brilliant working journalists, but they do not want to associate themselves with the Press Council and they are unable to play their role. Their genius and capacity are being exploited by a few people who have got immense finances. Today running an important newspaper is not a joke. It meas crores of rupees. Today only the big industrialists and big bankers are able to

throw their money, hire people, give thousands of rupees, air-conditioned houses, cars and other things and are able to run these big newspapers. Of course, these newspapers appear to be the best, but others also can produce similar newspapers if they have the finances, because they have got brilliance, genius and everything at their command. Now they are selling it to others who have got money. Let us have some alternative arrangement. Today the newspapers reach merely a fraction of our population. The news papers should reach the kisans and the masses in the countryside. Let us have an alternative arrangement and system of newspapers in this country. That is one thing about which Government has to think seriously.

I support Mr. Bishwanath Roy when he said that the affairs of *Samachar Bharati* have to be looked into immediately by the Government. These is lot of mismanagement there and we are told that employees are being treated like chattel. They are suspended and dismissed. I think the State Government's finances are involved in it. Two or three directors cannot do things as they like. It was started as a national news agency intended to help the regional papers and Government has some responsibility to see that it is run in a proper manner.

I think there was some idea of converting PTI into a corporation and the minister himself talked about it somewhere. I would like to know whether they are still pursuing this matter.

These are few issues I wanted to raise in the few minutes allotted to me. The main point is, let us try to find a way out to help the working journalists, non-working journalists and all those who are interested in a really independent press to have an opportunity to start such newspapers in this country.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHARY (Krishnagar): Mr. Chairman, I am really thankful to you for giving me a little time. The newspapers are very much in the heart of the people of West Bengal. During the freedom movement the newspapers have done their bit in Bengal. They have stood up to every kind of coercion but they never failed to voice the will of the people and they served the cause of freedom without fear. Now in Bengal under the UF Government they are facing almost the same position; they are facing coercion, much trouble and yet they are able to keep the flag of independent thought flying which, I think, is a great credit to them. If, sometimes, they have to give in, I do not think it is their fault, Naturally, when their whole establishment is burnt, when the whole printing press is dismantled then, per force, they have to be restrained to a certain extent. Yet, they keep the flag of independent thought flying in Bengal today, fearlessly.

Though we have discussed many points during the consideration of this Bill, the Bill is a simple one, brought only for the purpose of extending the tenure of office of the Chairman from 4th July 1969 to 31st March 1970. The Press Council has been functioning for the last three years but the tenure of the various components terminated at various times. That is why this Bill has been brought in. But, during this period of three years, what has the Press Council done? Has it really done something positive? Though they have put some restrictions on communal papers here and there, I am really surprised that they have done nothing about the *'Organiser'* up to this time! Sir, the *'Organiser'* has said things which cannot be countenanced by any civilized society. Why is it that this paper has not been banned? Why the Press Council has not taken any action against this paper is beyond my comprehension. I hope the Minister will take note of it.

Here I would like to point out one thing. In India we have monopoly newspapers or chain newspapers. To refresh the memory of the House I may point out that the share of the chain

[Shrimati Ila Palchoudhary]

newspapers rose to 54.9 per cent between 1960 and 1963. In 1964 these units accounted for 67.8 per cent of the total circulation of all dailies in the country. The next year it rose to 68.4 per cent and in 1966 it was as much as 73.6 per cent. These chain newspapers are controlled by big business or capitalists and brilliant editors are very often completely overshadowed. They cannot express their opinion freely. They have to toe the line of the big business because the money has been invested by them. Here I would like to quote a few lines from the speech of Shri Jawaharlal Nehru on this point. He says:

> "But the fact of a big industry by itself owing a newspaper or owning of a chain of newspapers cannot be said to give them the kind of freedom which an independent editor has or the public should expect of it. What I mean is that these mass circulation newspapers represent the views of a limited number, but create the impression, because of their mass circulation and the money behind them, of representing large numbers of people."

It is not that they represent the people. They represent only a small section of the people. So, small and independent newspapers must be sponsored and given all encouragement by the Government. The Small Newspaper Enquiry Committee had suggested legislation in this regard. When the Press Council starts functioning with the extended tenure of the Chairman, I hope it will suggest some sort of legislation for small and language papers. These little language newspapers are the only papers, I can assure you, that Treach the masses, that everybody reads—the housewife reads them, the villager reads them; there his opinion is formed and he gets to know what is going on in the world.

It is a fact that the journalists have to have all our sympathy because the journalists, whatever legislation has been brought about, have not had the full amount of support and their cause has not been seen to as it should have been. I hope, the Press Council will look into the cause of journalists, working journalists, editors and all the staff of newspapers.

Newspapers and journalists occupy a special place in a country because they live in the hearts of the people and have their hands on the pulse of time. So, they must be given every facility so that, whether it be through co-operatives or any other channel, they have the full scope to express themselves. Their diligence and their intelligence should come into full flower so that India can voice her opinion and the people of India can say what they want to say without any hitch or hindrance.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : सभापति महोदय, हमारे देश में समाचारपत्रों की स्वतंत्रता का अपहरण तीन प्रकार से होता है। एक प्रकार तो वह है जिसकी चर्चा कल यहां चलीथी। वह **टाइम्स आफ इंडिया** ग्रुप के बारें में थी। उस में सरकार समाचार पत्रों के मालिकों से मिल कर उस में एक भागीदार के रूप में सामने आती है और फिर अपना प्रचार करने के लिए उनका उपयोग करती है।

दूसरा प्रकार यह है कि जो सरकार समर्थक समाचारपत्र है उनको अधिकांश मात्रा में विज्ञापन दिये जाते हैं।

तीसरा प्रकार यह है कि जो समाचारपत्रों के मालिक हैं या प्रबन्धक हैं उनको पृथक पृथक बुला कर उनके ऊपर दबाव डाला जाता है और यह कहा जाता है कि वे सरकार के समर्थन में अपने अखबारों का प्रयोग करें।

इन तीनों प्रकारों का मैं विरोधी हूं । मैं समझता हूं कि इस देश में जिस दिन समाचार-पत्रों की स्वतंत्रता समाप्त हो जाएगी वह दिन म देश के लिए बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण दिन होगा और वह जनतंत्र की दृष्टि से उपयुक्त बात नहीं होगी ।

जहां मैं यह चाहता हूं कि समाचारपत्रों की स्वतंत्रता का अपहरण करने में सरकार आगे न आए वहां मैं यह भी चाहता हूं कि पूंजीपति भी समाचारपत्रों का अपने स्वार्थों के लिए उपयोग न करें । जिन के समाचारपत्र हैं उनकी आमदनी का वे लाभ यदि उठाना चाहें तो उठालें लेकिन वह भी उपयुक्त मात्रा में । परन्तु क्योंकि वे उनके समाचारपत्र हैं इसलिए वे उन समाचारपत्रों का अपने स्वार्थ के लिए प्रयोग करें, ऐसा नहीं होना चाहिये । ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये कि समाचारपत्रों की स्वतंत्रता न सरकार की ओर से और न ही मालिकों की ओर से किसी प्रकार छिनने पाये ।

जहां तक प्रैस काउंसिल के निर्माण का सम्बन्ध है, मेरी स्पष्ट राय यह है कि इसके अन्दर सरकार का हाथ कम से कम होना चाहिये । समाचारपत्रों में जो लोग हैं, जो कर्मचारी हैं या समाचारपत्रों के लिए दिन-रात काम करके जिन्होंने अपना जीवन उन में खपाया है, उनको प्रमुखता दी जानी चाहिये । वे इस प्रकार की काउंसिल का निर्माण करें तो वह काउंसिल समाचारपत्रों के लिए अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकेगी ।

आज हमारे समाचारपत्रों में कुछ विदेशी धन का स्पर्श भी बड़ी मात्रा में होने लगा है । पिछले संसद् के अधिवेशन में इस प्रकार की कुछ चर्चा आई थी । मैं इन बातों को विस्तार से नहीं कहना चाहता हूं । संक्षेप से और केवल संकेत के लिए मैं मंत्री महोदय से इतना ही कहना चाहता हूं कि यह हिन्दुस्तान की राजनीति के लिए और भारतीय जनतंत्र के लिए बड़ी भयावह होती जा रही है कि हमारे समाचारपत्रों को विदेशी धन स्पर्श करने लगा है प्रत्यक्ष रूप से भी और अप्रत्यक्ष रूप से भी, दान के रूप में भी और सहायता के रूप में भी । विदेशी धन जहां भी समाचारपत्रों की आत्मा को स्पर्श करे, मैं चाहता हूं कि उसके सम्बन्ध में सरकार कड़ाई के साथ कदम उठाये ताकि समाचारपत्र इस देश में जनतंत्र के जो एक प्रमुख रक्षक हैं, वे अपनी स्वतंत्रता को बनाये रख सकें ।

अब मैं समाचार भारती के सम्बन्ध में विशेष रूप से कुछ बात कहना चाहता हूं । मैं यह इसलिए कहना चाहता हूं क्योंकि मैं भी समाचार भारती के बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज का एक सदस्य हूं । मैं समझता हूं कि इस वास्ते मैं इसको अधिकाधिक रूप से कह सकता हूं । जिस समय श्री लाल बहादुर शास्त्री ने समाचार भारती नाम के समाचार संगठन की स्थापना की, उस समय उनका उद्देश्य यह था कि देश की जितनी भी भाषायें हैं और उन भाषाओं के जितने भी समाचारपत्र हैं, उनको अपनी अपनी भाषाओं में समाचार मिलें । उनको अंग्रेजी में समाचार ले कर उनका अनुवाद न करना पड़े । इस आधार को ले कर एक समिति बनाई । इस प्रकार की समिति को जनता का सहयोग प्राप्त नहीं हो सकेगा, इसलिए शास्त्री जी के संकेत पर कई राज्य सरकारों ने और केन्द्रीय सरकार ने भी अपेक्षित मात्रा में उसको पैसा दिया ताकि किसी प्रकार से यह संगठन चल पड़े । प्रारम्भ से ही मैं इस संगठन में था । लेकिन इस संगठन में इस प्रकार के कुछ व्यक्ति आ गए जिन्होंने आमदनी को तो देखा नहीं लेकिन खर्च की मात्रा एक दम से ही बहुत अधिक बढ़ा ली । एक समय ऐसा आया कि साठ हजार रुपये प्रतिमास का खर्चा था और पांच हजार रुपये प्रतिमास की आमदनी थी सरकारी धन लगा कर इतना अपव्यय किस प्रकार से चल सकता था ? परिणाम यह हुआ कि मुझ जैसे सदस्य के लिये वहां रहना भारी हो गया और मैंने बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज से अपना त्यागपत्र दे दिया । इस प्रकार के अपव्यय में मैं भागीदार नहीं हो सकता था ।

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

लेकिन मैं आज प्रसन्नता के साथ एक समाचार देना चाहता हूं । भले ही कुछ व्यक्तियों की राजनीतिक सेवा कितनी ही ऊंची रही हों, उनकी समाज सेवायें कितनी ही ऊंची रही हों, और मैं तो उनके आगे नत मस्तक होता हूं । लेकिन एक समाचार संगठन के सम्बन्ध में किसी प्रकार की देर तक अव्यवस्था चले, मको सहन नहीं किया जा सकता है । इस प्रकार की स्थिति जब बनी तो यह समिति बहुत ज्यादा चर्चा का विषय हो गई । समाचार समिति के बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज के चेयरमैन श्री श्रीप्रकाश जी हैं जोकि बम्बई के गवर्नर थे । दूसरे श्री जय प्रकाश नारायण हैं । तीसरे श्री अक्षय कुमार जैन हैं । चौथे श्री मोली चन्द्र शर्मा हैं । पांचवें डा० लक्ष्मी मल्ल सिंघवी हैं। ये सब उसके सदस्य हैं । पहले जब वह चीज चर्चा का विषय बनी तो मैंने कहा कि मैं कम से कम इस समिति में नहीं रह सकता । लेकिन प्रसन्नता की बात है कि उन्होंने दृढ़ता के साथ कुछ निर्णय लिये । कुछ लोगों की जिन की राजनीतिक सेवायें, सामाजिक सेवायें चाहे कितनी ऊंची थी, लेकिन जिन के कारण यह समिति बराबर घाटे में जा रही थी, उनको हाथ जोड़ कर कहा कि कृपा करके आप कुछ समय के लिए अलग हो जाएं, इस समिति को अपने पैरों पर खड़ा होने दें । जब वे हटे तो मैं मंत्री महोदय की जानकारी के लिए कहना चाहता हूं कि उस समय समिति 37 हजार रुपये माहवार के घाटे में थी । उनके हटने के बाद इस समय यह समाचार समिति केवल 18 हजार रुपये महावार के घाटे में है । अब हिन्दी के टैलीप्रिंटर मिलने लगे हैं । उस समय नहीं मिलते थे । अब हिन्दी की टैली-प्रिंटर सर्विस शुरू होने के बाद अनुमान है कि तीन चार महीने में यह समाचार समिति अपने पैरों पर खड़ी हो जाएगी । कुछ निहित स्वार्थ वाले जो व्यक्ति थे और जो अलग अलग ढंग से अपनी इच्छाओं की पूर्ति करना चाहते थ, उनको जब अलग किया गया तो जा कर पार्लिमेंट के मैम्बर्ज से मिले और मिल कर उन्होंने गलत ढंग से पिक्चर को पेश किया, उन से प्रश्न करवाये राज्य सभा और लोक सभा में । जब देशी भाषाओं को विकसित करने के लिए आपके अपने संकेत पर, आपके अपने पुराने प्रधान मंत्री के संकेत पर एक समिति खड़ी हुई थी, तो उस में कहीं भी दोष किसी प्रकार का है तो आप उसका पता लगा कि दोष उनके समय के हैं या वर्तमान प्रबन्ध व्यवस्था के हैं । अगर कोई कर्मचारी सही न है और उसकी वजह से प्रबन्ध समिति उसको हटाती है और वह कर्मचारी इस तरह से कनवैसिंग करना फिरता है और इतनी बड़ी समाचार समिति की समाप्ति का प्रयत्न करता है तो मैं समझता हूं कि इस प्रकार के व्यक्ति को किसी कोने से भी प्रोत्साहन नहीं मिलना चाहिये । अगर अव्यवस्था है तो उसको निश्चित रूप से सम्भाला जाना चाहिये । लेकिन वह समाचार समिति जो धीरे धीरे अपने पैरों पर खड़ी होती जा रही है, उसको चर्चा का विषय बनाना और फिर इस प्रकार की उलटी चर्चा का विषय बनाना कि जो लोग पुराने हैं उनके दोष वर्तमान अधिकारियों के सिर पर मढ़ना मैं समझता हूं उपयुक्त नहीं है । श्री सत्य नारायण सिंह और श्री गुजराल दोनों मौजूद हैं । मैं चाहता हूं कि वे स्वयं जा कर अपनी आंखों से सारी चीजें देखें, कानों से केवलमात्र सुन कर निर्णय न लें । संसद् सदस्यों को भी मैं कहूंगा कि समाचार समिति जिसके कागजात हर एक के लिए खुले हुए हैं, उनको चल कर देखें और कोई दोष हो तो उनकी ओर संकेत करे । यह जो समिति बनी है और जो देशी भाषाओं में समाचार देती है, महाराष्ट्र के अन्दर मराठी में देती है, अभी उसने तमिलनाडु के अन्दर तमिल में अपनी सर्विस शुरू की है, इसको प्रारम्भ से ही समाप्त करने का यत्न करना, कोई उपयुक्त काम नहीं है । इसके सम्बन्ध में हम को गम्भीरता से निर्णय लेना चाहिये और अपने मस्तिष्क को खुला रख कर विचार करना चाहिये ।

श्री ओंकार लाल बोहरा (चित्तौड़गढ़): सभापति महोदय, पिछले 25 सालों से मेरा पत्रकारिता से नाता रहा है । स्वयं पत्रकार होने के नाते मुझे उन सभी कठिनाइयों और परेशानियों का पता है जो पत्रकार जगत में हमारे पत्रकार बंधुओं को, श्रमजीवी पत्रकारों को या सम्पादकों को अनुभव होती हैं । पत्रकारों के हितों की दृष्टि से कितना काम हुआ है मैं जानता हूं । मैं यह निश्चित रूप से कहना चाहता हूं कि पिछले दिनों भारत सरकार के द्वारा प्रेस कर्मचारियों, पत्र प्रतिनिधियों और सम्पादकों के बारे में जो विचार विनमय हुआ है और नीति परिवर्तन लक्षित हो रहा है, मैं उसका स्वागत करता हूं ।

मैं यह समझ पाने में असमर्थ हूं कि फ्री प्रेस की जो चर्चा चल रही है उसका अर्थ क्या है ? फ्री प्रेस का मुझे ऐसा लगता है कि उन लोगों द्वारा लगाया गया नारा है जो फ्री एंटर-प्राइज की बात किया करते थे । फ्री एंटरप्राइज जैसे हमारे देश में दलित, पीड़ित और शोषित वर्ग के लिए एक खतरनाक नारा साबित हुआ है उसी तरह से यह फ्री प्रेस का नारा भी हमारे देश में खतरनाक साबित हो सकता है । फ्री प्रेस का अर्थ यह कदापि नहीं है कि हमने संविधान में जो निश्चय किया है, जो शपथ ली है कि हम इस देश के नागरिकों को समाज-वाद की ओर ले जायेंगे, अच्छा खाना, कपड़ा और मकान मुहैया करेंगे और ऐसी समाज व्यवस्था लायेंगे जिसमें हमारा देश एक सम्पन्न और सुखी देश के रूप में आगे बढ़ सके, उस में यह सहायक सिद्ध हो सकता है । मैं समझता हूं कि यह जो ध्येय हमने अपने सामने रखा है इसको प्राप्त करने में समाचार पत्रों को महत्वपूर्ण योगदान देना होगा । प्रेस को थर्ड एस्टेट का नाम दिया गया है । अगर हम देश में एक नई समाज व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रेस को एक शक्तिशाली और व्यापक हथियार के रूप में इस्तेमाल करें और इस के सम्बन्ध में कुछ लोग कहें कि प्रेस की फ्रीडम समाप्त हो रही है, तो मैं बहुत विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि अगर कुछ पत्रकार और पत्रों के मालिक हमारे संविधान और उस के लक्ष्यों तथा उद्देश्यों, समाजवाद और प्रगति की दिशा में बढ़ाये गये हमारे कदमों, इस देश में एक नये समाज की रचना, एकाधिकार और आर्थिक केन्द्रीकरण के अन्त के लिए किये गये हमारे प्रयत्नों का विरोध करते हैं और उसके लिए जनमत तैयार करते हैं, तो मैं अपना नाम उन लोगों में लिखवाने के लिए तैयार हूं, जो प्रेस के नारे का जबर्दस्त विरोध करते हैं । मैं इस बात को नहीं मानता हूं कि फ्री प्रैस की बात कह कर हम पत्रकारों और पत्रों के सम्पादकों के विचार-स्वातंत्र्य का समर्थन कर रहे हैं । वास्तव में आज हमारे पत्रकारों और सम्पादकों के विचार-स्वातंत्र्य का प्रश्न ही नहीं उठता है । आज हमारे प्रतिभाशाली सम्पादक, संवाददाता और अन्य श्रमजीवी पत्रकार कहां फ्री हैं ? कहां है उनमें अपने विचारों को स्वतंत्रतापूर्वक अभिव्यक्त करने की ताकत ? वे अपने विचारों को स्वतंत्रता-पूर्वक व्यक्त करना चाहते हैं, लेकिन अपनी मजबूरियों के कारण वे ऐसा नहीं कर पाते हैं ।

इसलिए उन प्रतिभाशाली सम्पादकों और पत्रकारों का अभिनन्दन करते हुए भी, जो आजादी के साथ अपने विचारों की अभिव्यक्ति करते हैं, मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं कि हमारे देश में समाचारपत्रों में जो एकाधिकार की प्रवृत्ति निरंतर जिस प्रकार बढ़ रही है और बड़े बड़े सम्पन्न लोग जिस प्रकार पत्रों के द्वारा अपने निहित स्वार्थों के पक्ष में जनमत तैयार करने का प्रयत्न कर रहे हैं, उस से हमारे देश में एक क्रान्ति का प्रारम्भ हो रहा है और मैं समझता हूं कि उस क्रान्ति के माध्यम से हम देश में एक नये समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेंगे ।

प्रेस परिषद् की अवधि बढ़ाने का जो बिल प्रस्तुत किया गया है, मैं उस का हार्दिक समर्थन करते हुए दो तीन बातें कहना चाहता हूं ।

छोटे और बीच के भारतीय भाषाओं के समाचारपत्रों का प्रतिनिधित्व प्रेस परिषद्

[श्री ओंकार लाल बोहरा]

में नहीं है। मैं महसूस करता हूं कि हमारे गांवों, छोटे छोटे कस्बों और विशाल भारतीय जन-जीवन में छोटे और बीच के भाषायी समाचार पत्रों का महत्व बहुत अधिक है। आज दुर्भाग्य से देश में अंग्रेजी के कुछ पत्रों के चेनमन पर अपना एकाधिकार किया हुआ है और ीय भाषाओं के पत्रों के प्रति हमारी उपेक्षा ासीनता के कारण उन्हें अधिक बलवान बनने का मौका अभी तक नहीं मिला है। फिर भी मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि केरल और बंगाल में कुछ पत्र ऐसे हैं, जो अपनी भाषाओं में चोटी के और प्रभावशाली पत्र हैं और उन का बड़ा सम्मान है।

भारत सरकार और मंत्री महोदय बराबर यह घोषणा कर रहे हैं कि छोटे और बीच के समाचारपत्रों और भारतीय भाषाओं के समाचारपत्रों के साथ वह निरन्तर उदारता का व्यवहार करेंगे। मेरा निवेदन है कि वह अपनी इन घोषणाओं को जरा तेजी से अमल में लायें, ताकि हमारे देश में वह समय शीघ्र आये, जब कि हम इस देश के करोड़ों लोगों को उन की भाषा के माध्यम से अपनी बात सुना सकें और भारतीय भाषाओं के समाचारपत्रों के माध्यम से उन के उभरते हुए जजबात और भावनाओं की, और देश में एक नया समाज बनाने की उन की आकांक्षा की, अभिव्यक्ति हो।

इस के साथ ही मैं यह भी चाहता हूं कि हमारे सम्पादकों, विचारकों और अन्य श्रम-जीवी पत्रकारों को प्रेस परिषद् में पूरी अभिव्यक्ति का ज्यादा अवसर दिया जाये और उस में उन का बहुमत हो। अगर इस देश में पत्रों को व्यवसाय की दृष्टि से निकाला जायेगा, अगर यहां पर पत्रों और पत्रकारिता का व्यवसायीकरण होने दिया जायेगा, तो उससे पत्रकारिता पर, और देश की जन-भावना की अभिव्यक्ति करने और देश को समाजवादी दिशा की ओर ले जाने के उस के महान लक्ष्य पर आघात होगा।

इसलिए एकाधिकार की प्रवृत्ति के खिलाफ़ अपनी आवाज़ बुलन्द करते हुए मैं कहना चाहता हूं कि छोटे और बीच के समाचार-पत्रों, और विशेषकर भारतीय भाषाओं के पत्रों, और समाचार-एजेन्सियों को सरकार की तरफ़ से प्रोत्साहन दिया जाये। मैं फिर कहना चाहता हूं कि फ्री प्रेस के नारे को फ्री एन्टरप्राइज के नारे की तरह समझता हूं। हमें इस से सावधान रहना है और देखना है कि देश में समाजवादी व्यवस्था के निर्माण में प्रेस कितना उपयोगी और सहायक सिद्ध होता है, क्योंकि इसी पर हमारे देश का नव-निर्माण निर्भर करेगा।

मैं आप का आभारी हूं कि आप ने मुझे मौका दिया।

16 hrs.

SHRI C. K. CHAKRAPANI (Ponnani): Mr. Chairman, Sir, as the time is limited, I will confine myself only to certain important observations.

Before Independence, the Indian Press reflected certain sentiments of the people. It served the cause of the nation. But after Independence of the character of the Indian Press has radically changed in principle and practice. Now the industry is supporting the commercial and mercantile interests. Here I would like to quote something from the report of the Monopolies Inquiry Commission. This Commission was set up under the Chairmanship of Justice K. C. Das. He says:

> "We find it to be true that an appreciable section of the press is either owned or controlled by persons or corporations who are themselves big business, or closely connected with big business."

Again, they say:

"We have read many of the issues of the daily and weekly press which is within the control of these businessmen and we are inclined to think that in spite of the so-called 'Editorial Independence', these newspapers of financial journals do tend to prejudice the reader in favour of businessmen in general, and big business in particular."

This is the condition of the present day. The experience of the last 20 years is quite clear that they have done the opposite.

Now the Press Council is being controlled by big newspaper monopolies. Even the agencies of PTI and UNI are being controlled by the big monopoly press. The Press Council is expected to guarantee the freedom of the Press and a decent standard of journalism. What is the reality now? The reality is that the correspondents and editors are behaving themselves in their own way. Freedom of press does not mean licence to write anything and everything they like. For example, when the Police attacked the West Bengal Assembly, the UNI wrote that 5000 police men attacked the Assembly whereas only a few hundreds attacked the Assembly. UNI gave a false news and the AIR carried that news. This is the freedom of Press.

During the mid-term poll, all the reactionary press carried certain news. Of course, they had anti-Communist views. The reality was that in the mid-term poll quite the contrary had happened. I am pointing out all these things. The editors have no freedom now. The special cornespondents have no freedom now. One example was that this House had an occasion to discuss about the Editor of the *Times of India*. Even the late Prime Minister, Pandit Nehru, gave an assurance that no action would be taken against him, but, in spite of that assurance action was taken and he was sacked.

In this country so many papers are being financed by foreigners example, in my State, there is a vernacular paper by name Keralawani Its editor is is one deputy leader of the congress party. He has got Rs. 40 lakhs from America. (*Interruption*).

श्री प्रेम चन्द वर्मा : ऐसा कम्यूनिस्ट पार्टी में भी तो है

SHRI C. K. CHAKRAPANI: I want to know whether it is a fact.

श्री प्रेम चन्द वर्मा : अगर कांग्रेस पार्टी का नाम लेते हैं तो सभापति महोदय, आप मुझे भी इजाजत दीजिए, मैं रक्षा के पेपर्स का नाम लूं . . . .

SHRI UMANATH (Pudukkothai): In your turn, if there is any such evidence you may also put it forth.

श्री प्रेम चन्द वर्मा : हम भी कहते तो हम पार्टी का नाम नहीं लेते हैं। अगर यह इस तरह से कांग्रेस पार्टी पर अटैक करेंगे तो हमें भी इजाजत दीजिए ।

श्री मीठा लाल मीना (सवाई माधोपुर) : अध्यक्ष महोदय, इन दोनों की बातों को मान लिया जाय ।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : वर्मा जी, क्यों घबराते है ?

श्री प्रेम चन्द वर्मा : नहीं यह गलत है पार्टी का नाम न लिया जाय ।

SHRI C. K. CHAKRAPANI: The paper, Keraladwani got Rs. 40 lakhs from America. So many correspondents and so many editors are in the habit of getting lot of money from foreign countries. I hope with the new Bill which the hon. Minister has brought forward this evil will be checked. Thank you.

SHRI SAMAR GUHA (Contai): I would not take much time. When the real Bill comes we shall discuss about the merits of the Bill I have to avail the opportunity to utter a warning to the Government. The freedom of the press is almost in danger today. If freedom of press is in danger, if press becomes subjected to various attacks without being able to do objective reporting then there is a real danger to the basic concept of democracy. The attacks have been on the Press,—I should say—are four-ranged. One terrorisation on the Press, the second is, pressure of Government on the Press; the third is monopoly authority over the Press and the fourth is foreign influence. The foreign influence is eroding the morality of the Indian Press.

Sir, a few attacks on the Press took place in Calcutta and in Delhi. The Ananda Bazar Patrika, the Hindustan Standard, the Statesman office, all these offices were attacked by a section of the political elements because they did not like some kind of news that were published in these papers.

About the Rabindra Sarovar incident an inquiry is going on and because of reporting the proceedings of the court correctly, certain newsmen were terrorised and threatened. Some of those people were terrorised and threatened publicly by some political elements which resulted in the Press Club passing a Resolution condemning such terrorisation. Recently in Delhi Shri Krishna Menon, an orderly M.P. of this House, a responsible man, led a procession against the Statesman office, and burnt copies of the newspaper, Statesman. Such things happen in totalitarian countries whether such countries belong to fascist, militarist or communist ways. But in a democracy, freedom of press must be preserved and such kinds of terrorisation is totally against democratic principles and practices and also freedom of the press.

At a time when the Congress had monopoly hold over the Governments in the Centre and States they used to pressurise the newspapers through preferential distribution of advertisements. Such things are now being practised by United Front Government advertisements in which certain references are being given to the favoured press. This is very dangerous.

Many of the dailies and periodicals are controlled by the monopoly houses and cartels; I don't want to go into that in detail now, but want to remind the House that is one of the dangers.

Not only communist countries alone, but capitalist countries like USA are trying to corrupt Indian Press by offering money. Thus freedom of press is eroded. This is being done by some kind of financial allurement, or bribery, I should say. They are trying to influence the opinion of the Indan press.

If we have to preserve Indian democracy, the freedom of the press, which is ultimately its essence, has to be maintained. I think the Press Council can to a large extent help us in defending freedom of the press provided the selection of the personnel of the Council is proper. Although there have been certain criteria of selection laid down, unless the selection is properly done, the very purpose of setting up such Council may be frustrated. Unfortunately, the selection done last time does not truly reflect this consideration.

In the next Bill, I would request Government to see that the machinery of selection is prefect to ensure the object in view.

SHRI S. KANDAPPAN: There is not going to be a next Bill.

SHRI SAMAR GUHA: There have been a lot of complaints about the management of Samachar Bharati. The new managing committee have assured us that they will look into the matter. I want to ask why Samachar Bharati which is patronised by

government caters for only four Indian languages, Hindi, Marathi, Tamil and Gujarati. Why should it not be extended to cover other languages? I think Bengali is not an inferior language. I would request that they should circulate news in all Indian languages. Also the complaints made against Samachar Bharati by the working journalists should be looked into.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : सभापति महोदय, मैं दो तीन बातें ही कहूंगा । आज अखबार का जमाना है, प्रचार का जमाना है । आजकल अखबार का बड़ा भारी असर होता है प्रचार के मामले में जो बात अखबार में आती है हमारे देहात के आदमी तो ऐसे समझते हैं कि वह बिल्कुल जैसे कोई चीज फाइनल हो । चाहे वह ऊटपटांग और बिल्कुल झूठ बात हो लेकिन अखबार में निकल गई तो उस को सच समझ लेते हैं । आज ९० प्रतिशत आदमी देहात में रहते हैं । लेकिन यह जितने बड़े बड़े अखबारात हैं हिन्दी के उर्दू के और अंग्रेजी के वह शहरों तक ही खत्म हो जाते हैं । तो पहले तो मैं मंत्री महोदय से चाहूंगा कि वह इस बात को गौर से सोच कर कोई हल निकालें कि हमारे 90 फीसदी आदमी जो इस अखबारी दुनिया से बिल्कुल कट आफ हो जाते हैं उनके पास तक ये डेली अखबार पहुंचने का बन्दोबस्त होना चाहिए। चाहे वह पंचायत के मातहत हो, चाहे स्कूल के मातहत या डाकखाने के मातहत या कम्युनिटी सेंटर्स खुल गए हैं, रीडिंग रूम भी खुल गए हैं, तो ये डेली अखबार वहां पहुंचने चाहिए चाहे वह हिन्दी के हों चाहे उर्दू के हों और अब तो अंग्रेजी के अखबार पढ़ने वाले भी गांवों में हो गए हैं । अब तो सैकड़ों ग्रेज्युट्स एक एक गांव में हो गए है । तो पहले तो यह डेली अखबार वहां पहुंचाने का बन्दोबस्त होना चाहिए ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि इन अखबारों की जो पालिसी है वह बड़ी ऐन्टी रूरल, ऐंटी पीजेंटी और ऐंटी वीकर सेक्शन है । इस में जितने कारेस्पांडेंट्स हैं या दूसरे काम करने वाले हैं वह कुछ बुनियादी तौर पर ऐंटी देहात हैं । मैं उनकी नीयत पर हमला नहीं बोलता । लेकिन चूंकि सारे के सारे देहात में कोई बहुत पढ़ा लिखा आदमी होता नहीं जो यहां आ कर स्टेट्समैन में लग जाय, और इन लोगों का देहात से सम्पर्क नहीं होता जो उनमें लगे होते हैं इसलिए ऐसी बात है। कोई मेरे साथ का स्टीफेंस कालेज दिल्ली में पढ़ा हुआ बहुत अच्छी तालीम पाया हुआ है तो इन में एडीटर है । यह ठीक बात है कि वे पब्लिक स्कूल में पढ़े हैं, बड़े बड़े कालिजिज में पढ़े हैं, विलायत गये हैं, अमरीका गये है । उनके दिल में कभी कभी आता है कि गरीब आदमियों के बारे में भी सोच लिया जाय, लेकिन माहौल 24 घन्टे उन के दिमाग में नई दिल्ली का रहता है, बाहर के कारस्पौंडेंट्स से बात करने का रहता है, पार्लियामेंट का रहता है, जिससे उन को उस तरफ सोचने की फुरसत ही नहीं मिलती कि रूरल बैक ग्राउण्ड के आदमियों को भी मौका दिया जाय ।

यहां हम प्रोसीडिंग्ज में देखते हैं--जब भी देहात की बात आती है, किसानों और बैकवर्ड लोगों की बात आती है --उस के बारे में उन अखबारों में कुछ नहीं छपता । मैं आपकी मारफत मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि अखबारों में बहुत से बेकार मसलों पर कालम के कालम शाया होते हैं, लेकिन देहात और गरीब किसान की बात का कोई जिक्र नहीं होता । यहां पर चाहे आधा घन्टे की बहस हो, काल-एटेन्शन हो या डिबेट हो उस ओर उस में देहात की बात आये तो अखबारों में उसको जगह मिलनी चाहिये । पहली बात तो मुझे आपसे यह अर्ज करनी थी ।

अब जहां तक इसके नेशनल प्रापर्टी होने की बात है, इस का नैशनलाइजेशन करना है या नहीं करना है, मैं तो इस हक में हूं कि यह इण्डीपेंडेंट होना चाहिये, लेकिन

[श्री रणधीर सिंह]

ऐसी इंडीपेंडेंस के क्या मायने, जिसमें 90 फीसदी आदमियों का जिक्र ही न हो, सिर्फ 10 फीसदी आदमियों का सुबह से शाम तक ढोल पीटते रहना इंडीपेंडेंस मेरी समझ में नहीं आती है । मैं चाहता हूं कि मिनिस्टर साहब उनको समझायें कि यह देश गरीबों का है, किसानों का है, 90 फीसदी न सही, 70 फीसदी, 60 फीसदी, कुछ तो उनके बारे में कहें ।

दूसरी बात में यह अर्ज करना चाहूंगा कि जो छोटे अखबार हैं उनका स्टैंडर्ड बहुत गिर गया है । किसी ने अपनी लीडरी कायम करने के लिये अखबार चला लिया, किसी ने डाक्टरी चलाने के लिये अखबार शुरू कर दिया, किसी ने ढाबा खोला तो अखबार चला लिया, गर्जकि स्टेण्डर्ड बिलकुल खत्म हो गया है और खबरें निकलती हैं—फलां की भैंस ने कटड़ा दिया है, फलां की बारात में इतने बराती गये—यह बात इन छोटे अखबारों में आ गई है । जब तक जेब में गर्मी रही एलार्म बोलता रहा, चन्दे के पैसे मिल गये अखबार चलता रहा, नहीं तो बन्द हो गया । अमरीका से पैसा मिल गया, अखबार चलता रहा, वर्ना बन्द हो गया—यह हालत आज लोकल अखबारों की है । मेरी नीयत उन पर हमला करने की नहीं है, लेकिन वे आदमी इस काम में आगे नहीं आते, जो सही जर्नलिज्म से ताल्लुक रखते हैं । एक तरह से जर्नलिज्म को बदनाम किया जा रहा है । इस लिये मैं आप से अर्ज करना चाहता हूं कि खुदारा मेहरबानी कर के, ऐसे अखबारों पर पाबन्दी लगाइये जो अपनी दुकान चलाने के लिये या अपनी लीडरी चमकाने के लिये अखबार चलाते हैं । ऐसे लोग समाज और देश पर लानत हैं । ऐसे आदमियों को अखबारों के लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन बन्द कीजिये ।

आखरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि अखबारों पर सरमायेदारों का कब्जा हो गया है । मैं नेशनलाइजेशन की बात नहीं कहता लेकिन मैं चाहता हूं कि ये अखबार देश की लाखों गरीब जनता की बात लिखें, आप चाहे इनके लिये ट्रेनिंग क्लास बनाइये ताकि इनके दिमाग बदलें, ताकि सही ख्याल के लोग इनके अन्दर आयें, देश की गरीब जनता और देहात के लोग उन एजेन्सीज में आयें और वे देहातों की बातें अखबारों में छापा करें ।

मैं, चेयरमैन साहब, बहुत मशकूर हूं कि आप ने मुझे बोलने का मौका दिया । मैं चाहूंगा कि यह प्रिव्लेज्ड क्लास जो आज मुल्क में बन गई है, अखबारों से इनका दायरा टूटे और गरीब जनता वहां तक पहुंचे और जितनी भी बातें इस संसद् में उन गरीबों के बारे में होती हैं वे उन अखबारों में छपें । यहां पर दोनों मंत्री इस वक्त बैठे हुए हैं—एक तो किसान का ही बेटा है और दूसरा एक इन्कलाबी का बेटा है । आप सोचिये कि किस तरह से इन अखबारों में 90 फीसदी देहात के गरीबों, किसानों, मजदूरों, हरिजनों और बैकवर्ड क्लास के लोगों की बातें आयें और अगर वह न छापें तो इन का कान पकड़ें, गरदन दबोचें । इस से उनकी इंडीपेंडेंस खतरे में नहीं पड़ेगी ।

श्री शिवचन्द्र झा (मधुबनी) सभापति जी, समय कम है, इस लिये मैं बहुत जरूरी चीजें ही आपके सामने रखना चाहता हूं । देश में प्रेस स्वातन्त्र्य की रक्षा के लिये प्रेस स्वातन्त्र्य के विकास के लिये भारत के इतिहास का तकाजा है कि 10 हजार से ऊपर जिस अखबार की बिक्री है, उस का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाय । चाहे वह दैनिक हो, साप्ताहिक हो या मासिक हो और जो मान्य पार्टियां हैं देश के संविधान के मुताबिक उन के अखबारों को उठाने के लिये केन्द्रीय सरकार अपने बजट में से सब्सिडी दे और वह सब्सिडी पांच लाख रुपया सालाना के हिसाब से होनी चाहिये ।

